लोक सभा अध्यक्ष ने आज ऑस्ट्रिया में बसे प्रवासी भारतीयों को सम्बोधित किया

...

प्रवासी भारतीय अपनी मातृभूमि के गुडविल एम्बेसडर हैं: लोक सभा अध्यक्ष

...

भारतीयों ने ऑस्ट्रिया में अलग-अलग क्षेत्रों में अपना उत्कृष्ट योगदान देकर अपनी जन्मभूमि एवं कर्मभूमि दोनों की सेवा की है: लोक सभा अध्यक्ष

विएना, 10 सितम्बर, 2021: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज ऑस्ट्रिया में बसे प्रवासी भारतीयों को सम्बोधित किया। श्री बिरला नेकहा कि भारत और ऑस्ट्रिया के बीच लंबे समय से मधुर और मैत्रीपूर्ण संबंध रहे हैं तथा दोनों देशों के बीच विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर बहुपक्षीय संस्थानों में सहयोग की लम्बी परंपरा रही है।

उन्होंने भारतीय समुदाय के अथक प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापारिक वृद्धि का श्रेय भारतीय समुदाय को जाता है। श्री बिरला ने आगे कहा कि प्रवासी भारतीय लोग अपनी मातृभूमि की संस्कृति और संस्कारों के गुडविल एम्बेसडर हैं। श्री बिरला ने उनके योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने ऑस्ट्रिया में अलग-अलग क्षेत्रों में अपना उत्कृष्ट योगदान देकर अपनी जन्मभूमि एवं कर्मभूमि, दोनों की सेवा की है।

श्री बिरला ने कहा की विदेशों में रहते हुए प्रवासी भारतीय समुदाय भारत की सांस्कृतिक, भाषायी और धार्मिक विविधताओं का प्रतिनिधित्व करते हैं तथा अंतरराष्ट्रीय राजनय में प्रवासी नागरिक सॉफ्ट पावर के रूप में कार्य करते हैं।

कोविड वैश्विक महामारी के विषय में श्री बिरला ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समस्याओं का सामना करने के लिए विश्व सहयोग और राष्ट्रीय कार्यनीति दोनों आवश्यक हैं। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि भारतीय समुदाय ने भारत में कोविड नियंत्रण के लिए सम्पूर्ण योगदान किया तथा प्रचूर मात्रा में पी पी ई किट एवं ऑक्सीजन कॉन्सेंट्रेटर भेजकर अपने दायित्वों को निभाया। श्री बिरला ने आगे कहा विदेशों में बसे मिनी इंडिया के जरिये भारतीय समुदाय अपनी कर्मभूमि में देश की मिटटी की खुशबु को जीवंत रखता है।

आजादी के अमृत महोत्सव के विषय में श्री बिरला ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने इस महोत्सव के जरिए एक नए और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की परिकल्पना की है तथा इस पथ पर भारत तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है।

उनके इस सम्बोधन में ऑस्ट्रिया की राजधानी विएना में स्थित भारतीय दूतावास में भारत के राजदूत श्री जयदीप मजूमदार भी शामिल रहे।